आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 0920बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा भारत दुनिया के लिए उच्च विकास दर और निम्न मुद्रास्फीति का बन रहा मॉडल।
- सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर देश सहित प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- सीमा सड़क संगठन द्वारा 30 करोड़ की लागत से कड़छम–सांगला–छितकुल सड़क मार्ग के सुधारीकरण का कार्य शुरू।
- प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी– मौसम विभाग ने आज प्रदेश के ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हल्की बर्षा व बर्फबारी की जताई संभावना।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत वर्तमान में दुनिया के लिए उच्च विकास और निम्न मुद्रास्फीति का एक मॉडल है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद दर में वृद्धि देश की बढ़ती प्रगति का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि एक मजबूत विशाल आर्थिक प्रतीक है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास के रूप में भारत की स्थिति दर्शाता है।

*भारत में क्वार्टर टू के जीडीपी फीगर्स आये हैं। एक परसेंट से ज्यादा की ग्रोथ रेट हमारी प्रगति की नई गति का प्रतिविम्ब है। यह संदेश है कि भारत आज ग्लोबल इकोनॉमी का ग्रोथ ड्राइवर बन रहा है। और हमारे आंकड़े तब है जब ग्लोबल ग्रोथ तीन प्रतिशत के आसपास है। भारत हाई ग्रोथ और लो इंफ्लेशन का मॉडल बना हुआ है।*

प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि चुनौतियों और अनिश्चितताओं से भरी दुनिया में भारत की अपनी अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब लोग आर्थिक मंदी की बात कर रहे हैं, भारत अपनी विकास गाथा गढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि विश्वास के संकट से भरी दुनिया में भारत विश्वास के स्तंभ और एक सेतु निर्माता के रूप में खड़ा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 को प्रत्यक्ष कर प्रणाली से लेकर जीएसटी तक सुधारों का वर्ष बताया।

नडडा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नडडा 12 दिसंबर को दो दिवसीय शिमला दौरे पर आएंगे। वे 13 दिसम्बर को भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वे शिमला के पीटरहॉफ में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस जनसभा में प्रदेश के लगभग 21 विधानसभा क्षेत्रों से हजारों कार्यकर्ता के भाग लेने की संभावना है। नडडा के ये दौरा

संगठन को मजबूती के साथ–साथ आने वाले राजनीतिक घटनाक्रम के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

झंडा दिवस

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम और बलिदान को नमन किया। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सेना के साहस से राष्ट्र की रक्षा होती है और उनकी निस्वार्थ सेवा देशवासियों को उस ऋण की याद दिलाती है जिसे वे कभी चुका नहीं सकते। रक्षा मंत्री ने सभी से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह योगदान सशस्त्र बलों के समर्पण का सम्मान है और उन्हें मज़बूत बनाता है। वर्ष 1949 से, 7 दिसंबर को शहीदों और सैनिकों के सम्मान में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है।

इस अवसर पर देश सहित प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस की पूर्व संध्या पर कल हमीरपुर में उपायुक्त अमरजीत सिंह और वरिष्ठ अधिकारियों ने अंशदान किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि यह दिवस उन वीर सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने मात्र भूमि की रक्षा के लिए अपने परिवारों की आहूति दे दी थी। उन्होंने इस मौके लोगों से अधिक से अधिक अंशदान करने की अपील की।

सुधारीकरण

तिब्बत सीमा को जोड़ने वाली 42 किलो मीटर लम्बी कडछम–सांगला–छितकुल सड़क मार्ग का सीमा सड़क संगठन द्वारा 30 करोड़ की लागत से सुधारीकरण किया जाएगा। सीमा सड़क संगठन ने सड़क सुधारने का कार्य शुरू कर दिया है। सड़क की हालत सुधरने से सांगला घाटी के 11 पंचायतों फायदा होगा।

संगठन ने सड़क के सुधारिकरण का कार्य शुरू कर दिया है जिला किन्नोर के सांगला घाटी के लोग लंबे समय से खस्ताहाल सड़क पर सफर करने को मजबूर थी इस साल जनवरी में यह सड़क लोक निर्माण विभाग से सीमा सड़क संगठन के अधीन हुई थी और घाटी के लोगों के साथ देश विदेश से आए पर्यटकों को बेहतर सड़क सुविधा मिले कि संगठन ने सड़क का कार्य शुरू कर दिया है सड़क के हालात सुधरने से 11 पंचायत के ग्रामीण देश के सीमा पर तैनात भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल तथा भारतीय सेना समित देश विदेश से सांगला आने वाले पर्यटकों को आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी

"परीक्षा पे चर्चा"

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे इंटरैक्टिव कार्यक्रम "परीक्षा पे चर्चा" के नौवें संस्करण से पहले माईगॉव पोर्टल पर एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता चल रही है। यह ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न–आधारित प्रतियोगिता अगले साल 11 जनवरी तक चलेगी। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र, शिक्षक और अभिभावक इसमें भाग ले सकते हैं। इस गतिविधि को पूरा करने वाले सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को माईगॉव पोर्टल

की ओर से भागीदारी का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। "परीक्षा पे चर्चा" जनवरी 2026 में आयोजित होनी है, जहां देश–विदेश के छात्र, अभिभावक और शिक्षक प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा के तनाव पर चर्चा करेंगे और परीक्षाओं को एक उत्सव और जीवन का अभिन्न अंग मानकर मनाएँगे।

<u>उपायुक्त</u>

चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि समाज में नशे का बढ़ता प्रचलन समाज व युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती है और इससे निपटने के लिए समाज के सभी वर्गों को सरकार व प्रशासन के साथ मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश की 234 ग्राम पंचायतों व स्थानीय निकायों में नशे के खिलाफ एक विशेष मुहिम चलाने का निर्णय लिया है, जिसमें जिला चंबा की 13 ग्राम पंचायतें व स्थानीय निकाय शामिल हैं।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में कड़ाके की ठंड के साथ अधिकांश भागों में मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है। सुबह व शाम सर्द हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जनजातीय क्षेत्रों सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पानी स्रोत जमने शुरू हो गए हैं। प्रदेश के 20 क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से कम चला गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि आज प्रदेश के ऊंचाई वाले कुछ स्थानों में हल्की वर्षा व बर्फबारी की संभावना है।

*7 तारी को फिर से हल्के बादल रहेंगे परंतु का उसका जो प्रभाव है जैसे वर्तमान में डिसटिक लाहौल स्पीति, चम्बा, कुल्ल है अपना वहीं 7 तारीख को हल्की बारिश व वर्षा हो सकती है वहीं 8 तारीख से मौसम मुख्यतः साफ बना रहेगा जो आउट लूक है इस वर्ष दिसम्बर माह उसमें सामान्य से कम वर्षा रहेगी ओर जो तापमान न्यूनतम तापमान है वही सभी समान्य से अधिक रहने की संभावना है जो न्यूनतम तापमान ताबो लाहौल में माइनस में तापमान रिकार्ड हो रहा है।*

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ........</u>

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू द्वारा महिलाओं को अग्निशमन में शामिल किए जाने की ख़बर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–महिला होमगार्ड अगिनशमन विभाग में देंगी सेवाएं, सरकार कराएगी कोर्स। दैनिक जागरण की सुर्खी है –अग्निशमन सेवाओं में शामिल होंगी महिलाएं, बदलेंगे नियम। दिव्य हिमाचल लिखता है–डाक्टरों के लिए इन्सेंटिव पॉलिसी लाएगी सरकार।

हिमाचल दस्तक लिखता है–प्रदेश में पटवारी के 5 सौ 30 पदों के लिए आवेदन 12 दिसंबर से।

मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं–ठंड प्रचंड–20 क्षेत्रों में न्यूनतम पारा 5 डिग्री से कम, 3 जगह माइनस में ।

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा भारत दुनिया के लिए उच्च विकास दर और निम्न मुद्रास्फीति का बन रहा मॉडल।
- सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर देश सहित प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- सीमा सड़क संगठन द्वारा 30 करोड़ की लागत से कड़छम–सांगला–छितकुल सड़क मार्ग के सुधारीकरण का कार्य शुरू।
- प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी– मौसम विभाग ने आज प्रदेश के ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हल्की बर्षा व बर्फबारी की जताई संभावना।